## आज का राशिफल
### 19-03-2023

मेष : साम से ग्यारहवे भाव मे चंद्रमा है। आय और व्यापार- व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। आशंका- कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम हो सकती है। आत्मविश्वास बनाए रखें। समय का लाभ ले । किसी प्रकार के विवाद से बचें।

वृष : सरकारी अटका कार्य मे गति आएगा। पिता तुल्य किसी वरिष्ठ का सहयोग मिलेगा। कर्म का अच्छा फल मिलेगा। पर विवाद हो सकता है। मान कम होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें।

मिथुन : भाग्य का साथ मिलेगा। ससुराल से शुभ समाचार मिलेगा। नया कार्य और आय मिलेगा। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कामों में सहूलियत रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार से लाभ होगा। गणेश जी पर दुब की माला अर्पण करें।

कर्क : किसी के बात से दिल मे बिकार उतपन्न हो सकता है। विवाद से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त लाभकारी रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। शिव चालिसा का पाठ करें।

सिंह : ब्यापार में प्रतिद्वंद्वी से हानि हो सकता है। सजग रहे। जीवनसाथी का सुख बृद्धि होगा। नया काम मे मन लगेगा। शोध इत्यादि कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का लाभ प्राप्त होगा। आपके मेहनत से व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

कन्या : कोई मौसमी बीमारी परेसानी का कारण बनेगा। दिन सामान्य होगा। मन खिन्न रहेगा। आलस के चलते काम में मन नहीं लगेगा। कुसंगति से हानि संभव है। आपके कर्म और प्रभाव से व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

तुला : संतान के गतिविधियों पर नजर रखें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। थोड़ प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। घर-बाहर सम्मान मिलेगा। व्यापार अच्छा चलेगा। हनुमानजी को चमेली के तेल का लेप लगावें।

वृश्चिक : किसी महिला से विवाद हो सकता है। पर बड़ा काम करने का मन बनेगा। आपके प्रभाव से शत्रु नतमस्तक होंगे। बुरे लोगों से दूर रहें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

धनु : भाई बहन के साथ कही घूमने का योग है। इसका लाभ उठायें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। गुरु मंत्र का जाप करें।

मकर : क्रोध पर काबू आवश्यक है। बना कार्य भी बिगड़ सकता है। साथ ही बेवजह विवाद हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य पर बड़ा खर्च हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। किसी नए कार्य में जोखिम न लें।

कुंभ : समय उत्तम है। आलस का त्याग करना चाहिए। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। समय उत्तम होने स्व भाग्य का साथ मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। शनि चालीसा का पाठ करें।

मीन : खर्च पर काबू आवश्यक है। कोई यात्रा में विवाद भी हो सकता है। कोई छोटी समश्या आ सकती है। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार हो सकता है। नए काम मिलेंगे। भाग्य की अनुकूलता का लाभ लें। आलस्य से बचें। मंदिर में चना और गुड़ का दान करें।

# रांची से लूटी गयी 20 लाख की शराब लदी ट्रक, बरही में बरामद

## तीन गिरफ्तार,चंडीगढ़ से अरूणाचल जा रहा था शराब भरा ट्रक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** धुर्वा थाना एरिया से मंगलवार को 20 लाख रुपये की शराब सहित ट्रक लूट मामले में रांची पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरही और चतरा जिले से आरोपी गिरफ्तार किया है। इससे पहले शुक्रवार देर रात को रांची पुलिस ने बरही से ट्रक बरामद किया था। शनिवार को बरही थाना क्षेत्र के सालहन गांव से रांची पुलिस ने 1000 से ज्यादा पेटी शराब बरामद किये हैं।

**सीठियो पेट्रोल पंप के पास अपराधियों ने दिया था घटना को अंजाम :** गौरतलब है कि तीन दिन पहले धुर्वा थाना क्षेत्र के सीटीओ पेट्रोल पंप के पास शराब लदे ट्रक को अपराधियों ने लूट लिया था और वहां से फरार हो गये थे। ट्रक चंडीगढ़ से आ रही थी और झारखंड होते हुए शराब की खेप को अरुणाचल प्रदेश जाना था। इसी दौरान चालक ने सीठियो के पास ट्रक में तेल भरवाने के लिए रोका। पेट्रोल पंप में लगाकर चालक ट्रक में तेल भराने लगा।

इसी बीच कुछ युवक कार से पहुंचे और ट्रक ड्राइवर को अपनी कार में बैठा कर ले गये। ट्रक ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि कार सवार लोगों ने उसे एक जंगल में ले गये और बंधक बना लिया। इसके बाद उसके खलासी को फोन करवा कर ट्रक हवाले करने को कहा। कुछ युवक उसके पास रहे और बाकी ट्रक लेने के लिए चले गये। इसके बाद सभी आरोपी ट्रक लेकर जंगल में आये।

उसे भी ट्रक में बैठाया और लेकर जाने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। कुछ दूर में ले जाकर उसे उतार दिया और ट्रक लेकर फरार हो गये। बाद में ट्रक मालिक ने धुर्वा थाने में ट्रक लूट का मामला दर्ज कराई थी।

# राजधानी को अशांत करने की साजिश, पुलिस ने की विफल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची को असामाजिक तत्वों ने शनिवार को अशांत करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस प्रशासन की तत्परता से माहौल को संभाला गया। मामला नगड़ी क्षेत्र का है। प्रशासन की सूझबूझ और प्रशासन के तुरंत एक्शन से मामले को शांत कर लिया गया।

जानकारी के मुताबिक, रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के साहेर गांव में त्रिमूर्ति मंदिर में असमाजिक ततवों ने मांस का एक टुकड़ा फेंक दिया था। जिसके बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। इस बात की सूचना पुलिस को मिली तो आनन-फानन में वहां पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि मंदिर के बगल में गैरमजरूआ जमीन है, जिस पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा जमा लिया है और होटल संचालित किया जा रहा है। लोगों ने पुलिस को बताया कि होटल में सिर्फ शराब और मांस का सेवन होता है। स्थानीय लोगां का आरोप है कि इसी होटल में अवैध तरीके से कारोबार किया जाता है, होटल से किसी ने मांस का टुकड़ा मंदिर परिसर में फेंक दिया है।

### पुलिस ने हटाया अवैध होटल

ग्रामीणों की मांग पर नगड़ी सीओ संतोष कुमार शुक्ला और डीएसपी प्रवीण कुमार की उपस्थिति में मंदिर के पास बने अवैध होटल को जेसीबी से तत्काल हटा दिया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ और स्थानीय पुजारी ने मंदिर की सफाई कर मंदिर का शुद्धिकरण किया।

# महिलाओं में निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाना उद्देश्य : प्रो सोना झरिया मिंज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** महिलाओं को निर्णय लेने की क्षमता के साथ सशक्त बनाना, संसाधनों तक उनकी पहुंच को बढ़ाना तथा समुदाय में बदलाव लाना ही हमारा उद्देश्य है। यह तभी संभव है जब हम अपने पाठ्यक्रमों को समृद्ध करें व अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करें। यह बातें सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सोना झरिया मिंज ने शनिवार को एक्सआईएसएस में पूर्वी भारत में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और महिला समूहों की भूमिका पर आयोजित कांफ्रेंस के दूसरे दिन समापन में कही। एक्सआईएसएस के डायरेक्टर डॉ जोसफ मरियानुस कुजूर कहा कि सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए इस तरह के महत्वपूर्ण संवाद समय की मांग हैं। बताया कि संस्थान ने महिला सशक्तिकरण के मुद्दे को एक अभियान के रूप में लेने के लिए यह पहल की है। कहा कि असली महिला सशक्तिकरण तो संकट को संभावनाओं मेंऔर सपनों को हकीकत में बदलना है।पीसीआई पटना के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर सोनमणि




चौधरी ने मनरेगा में महिलाओं की भागीदारीः मनरेगा के तहत महिलाओं के लिए सतत व्यक्तिगत उत्पादक संपत्ति का निर्माण पर अपना शोध प्रस्तुत किया। मनरेगा को रोजगार मानने के बजाय ग्रामीण महिलाओं के लिए एसेट बनाने पर जोर दिया। एमिटी विश्वविद्यालय पटना की सहायक प्रोफेसर डॉ श्वेता चंद्रा ने बिहार में स्टार्टअप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के मूल्यांकन पर शोध पत्र प्रस्तुत किया जो पटना के धनरुआ ब्लॉक में महिला उद्यमियों की केस स्टडी पर आधारित था।

# बिहार में शराब खपाने की योजना ने रांची पुलिस ने किया विफल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ओरमांझी थाना क्षेत्र से देर रात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की एक गाड़ी को जब्त किया है। एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर क्यूआटी ने यह कार्रवाई की। इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम भी मौजूद थी। इससे पूर्व सूचना मिलने के बाद देर रात पंकज कुमार अवर निरीक्षक उत्पाद विभाग एवं क्यूआटी और ओरमांझी थाना के सहायक अवर निरीक्षक बुद्धेश्वर उरांव के द्वारा वाहन चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान एक पिकअप वैन पर 100 पेटी ब्लैक हॉर्स शराब के साथ पकड़ा गया। वहीं, गाड़ी चालक को भी पकड़ा गया है। आरोपी चालक को ओरमांझी थाना में पूछताछ किया जा रहा है।

### शराब तस्करों द्वारा बिहार में खपाने की थी योजना

पूछताछ में पता चला है कि पुलिस द्वारा पकड़ा गया पिकअप वाहन में लदा अवैध शराब को बिहार में खपाने की योजना तस्करों की थी। इससे पूर्व रांची एसएसपी किशोर कौशल को सूचना मिली और टीम सीमावर्ती इलाके में वाहन चेकिंग अभियान शुरू की। जिस दौरान चेकिंग के समय सफलता मिली है। पूछताछ में अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी दी, जिस पर पुलिस टीम छापेमारी कर रही है।

## खबर एक नजर में

### संत जेवियर कॉलेज की एनसीसी की जी 20 सम्मेलन 2023 पर चर्चा

**रांची।** संत जेवियर कॉलेज, 3 झारखंड बटालियन एनसीसी के द्वारा शनिवार को जी20 सम्मेलन 2023 पर चर्चा एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मारवाड़ी कॉलेज, संत जेवियर कॉलेज एवं रामलखन सिंह यादव कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में 3 झारखंड बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुगातो सेन और संत जेवियर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. फादर नाबोर लकड़ा एस. जे. सम्मिलित हुए। उन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से कैडेट्स की हौसला अफजाई की।

### फेयरडील हुंडई हटिया में प्री समर कैंप शुरू



**रांची।** हटिया के कचनार टोली स्थित फेयरडील हुंडई में शनिवार से प्री समर कैंप की शुरूआत हुई। यह 30 मार्च तक चलेगा। इस कैंप का उद्घाटन ग्राहक सुभांकर ने फीता काट कर किया। मौके पर सर्विस मैनेजर कौशल झा एवं कस्टमर केयर मैनेजर साहिना अफरोज ने कहा कि कैंप में फ्री एसी चेकअप के साथ एसी सर्विस में ग्राहक को 15 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। साथ ही आरएसए में 20 प्रतिशत और लेबर चार्ज में भी 10 प्रतिशत तक की भी छूट दी जा रही है।

### डालसा की टीम दुष्कर्म पीड़िता से मिलकर पहुंचायी सहायता

**रांची।** झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा अपरेश कुमार सिंह के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची ने अंतरिम मुआवजा के तहत 20,000/- रुपये का चेक दुष्कर्म पीड़िता को प्रदान किया। ज्ञात हो कि बरियातू थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग से चाकू के बल पर उसके पिता ने ही दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा पीड़िता के परिवारों को मुकदमा हेतु विधिक सहायता दी जायेगी एवं पीड़िता के परिवार को विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से पैनल अधिवक्ता भी नियुक्त किया जायेगा। डालसा सचिव ने कहा कि पीड़िता को तत्काल माननीय के निर्देशानुसार 20,000 रूपये का मुआवजा दिया गया एवं उसे स्पॉनसरशिप योजना से भी जोड़कर लाभ दिलाया जाएगा। इसके साथ ही नियमानुसार झारखण्ड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत पीड़िता को डालसा की ओर से मुआवजा भी दिलाया जायेगा।

### प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित

**रांची।** झारखंड गवर्मेंट टूल रूम टाटीसिल्वे में सनिवार को प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विशेष प्रशिक्षण के अंतर्गत पेयजल विभाग द्वारा प्रायोजित जल जीवन मिशन के तहत इलेक्ट्रिशियन, पंप ऑपरेटर एवं प्लंबर छात्रों को दिये गये प्रशिक्षण के उपरांच उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। इसमें कुल 73 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रमाण पत्र का वितरण झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम रांची के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने टूल रूम में चल रहे विभिन्न स्किल डेवलपमेंट कोर्सेज के बारे में जानकारी दी।

### आईएमए रांची का चुनाव 26 मार्च को

**रांची।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव (2023- 25) 26 मार्च को आईएमए भवन करम टोली में होगा। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 2 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इनमें डॉ शंभू प्रसाद सिंह (निवर्तमान अध्यक्ष) और झारखंड आईएमए के पूर्व महासचिव डॉ शेखर चौधरी काजल मैदान में हैं। दोनों ने अपने कार्यकाल में चिकित्सकों के हित में काफी काम किया है। एसोसिएशन के करीब एक हजार से भी ज्यादा सदस्य अध्यक्ष चुनेंगे।

### सनातन ज्ञान के विना विद्वता पूर्ण नहीं: शंकराचार्य



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय रांची के बीके बिरला ऑडिटोरियम में गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु 145वें शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य में धर्म संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने विज्ञान एवं वेद सम्मत परंपराओं के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए विकास की अवधारणा को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि सनातन ज्ञान के अभाव में कोई भी विद्वता पूर्ण नहीं है। उन्होंने दैनिक जीवन में व्यवहारिक सनातन परंपराओं को आत्मसात करने की सलाह देते हुए वैदिक एवं वैज्ञानिक पद्धतियों से अवगत कराया। उन्होने कहा कि विकास के साथ साथ सृष्टि की संरचना एवम पर्यावरण का ध्यान रखते हुए विकास के पैमाने निश्चित किए जाने चाहिए तथा राजनीति भी पर्यावरण और विकास को ध्यान में रखते हुए ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर केवल विस्फोट हो रहा है। उन्होंने धर्म एवं संप्रदाय की व्याख्या करते हुए कहा कि आज धार्मिक होने का मतलब लोग गलत समझने लगे हैं।

# वैशाखी गुरुपर्व पर गुरुद्वारा श्री कृष्णा नगर कॉलोनी में सजा विशेष दीवान

## शबद गायन से गोविंदमय हुआ माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वैशाखी गुरुपर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा एवं गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा शनिवार को गुरुद्वारा श्री कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड रांची में तीन दिवसीय महान गुरमत समागम के तहत रात 8 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह एवं साथियों ने शबद गायन किया और माहौल को गोविंदमय कर दिया। सक्षम सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि तीन दिवसीय समागम का अंतिम दीवान कल सजाया जाएगा।

**रक्तदान शिविर आज :** गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा आज गुरुद्वारा साहिब के बेसमेंट में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। जत्था के सूरज झंडई ने सभी युवाओं से विशेषकर इस शिविर में शामिल होकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है।

दीवान में सुंदर दास मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, अशोक गेरा, सुरेश मिढ़ा, प्रेम मिढ़ा, लक्ष्मण सरदाना, लक्ष्मण दास मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, चरणजीत मुंजाल, हरगोविंद सिंह, लेखराज अरोड़ा, अमरजीत गिरधर, मोहनलाल अरोड़ा, हरीश मिढ़ा, विनोद सुखीजा, अनूप गिरधर, राजकुमार सुखीजा, महेंद्र अरोड़ा,आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, किशन गिरधर,सूरज झंडई, रौनक ग्रोवर, जयंत मुंजाल समेत अन्य शामिल थे।

# इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा का वीमेंस कॉलेज में कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट - 325 के तत्वावधान में शनिवार को वीमेंस कॉलेज रांची के सहयोग से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ई-वेस्ट मैनेजमेंट पर कार्यक्रम अयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज की छात्राओं को हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड की प्रबंधक देबपृथा ने अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तथा नॉन बायोडग्रेडेबल प्लास्टिक कचरे के सही निस्तारण की आवश्यकता एवं उसकी विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का संग्रहण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज की प्राचार्या सुप्रिया ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष नम्रता कुमार, उपाध्यक्ष माला श्रीवास्तव, आाईपीपी नीता नारायण, सुप्रीता लाल, सोमा भादुड़ी, नीता शेखर, अर्चना त्रिवेदी, दीपा चौहान, देवजानी सान्याल, मीना सहाय, संगीता सिन्हा, ,शालिनी सिन्हा और सोनल इत्यादि ने सराहनीय भूमिका निभायी।

## शहीद मजरूल हसन खान का शहादत दिवस मना



**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में शनिवार को शहीद मजरूल हसन खान का 51वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह राज्यसभा सांसद विनय विश्वम, राज्य सचिव महेन्द्र पाठक, जिला सचिव अजय सिंह मौजूद थे। इस दौरान शहीद मजरुल हसन खान के चित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखा गया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की गई और पार्टी के मजबूत बनाने के लिए संकल्प लिया गया। सांसद विनय विश्वम ने कहा कि महाजन जमींदारों के खिलाफ जमीन आंदोलन के प्रणेता शहीद मजरुल हसन खान ने पार्टी को मजबूत बनाने किसानों मजदूरों शोषित पीड़ित लोगों के आवाज बनकर पूरी जिंदगी गंवा दी। उन्होंने रामगढ़ क्षेत्र में महाजनों के खिलाफ लगातार आंदोलन चलाया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि शहीद मजरुल हसन खान के बताये रास्ते पर चलकर पार्टी को मजबूत किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में सांसद विनय विश्वयम, महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, ईसहाकअंसारी, नागो प्रसाद, इम्तियाज खान, दीपक दास, अनिरुद्ध कुमार, मनोज ठाकुर, रोशन, रोहित सहित कई लोग मौजूद थे।

## विशेष लोक अदालत में एक वाद का निपटारा



**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा शनिवार को तथा रविवार 20 मार्च 2023 से 23 मार्च 2023 तक व्यवहार नयायालय, रांची के परिसर में मोटरयान दुर्घटना मुआवजा से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन होगा। डालसा सचिव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विशेष लोक अदालत के प्रथम दिन एक वाद को सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया है। विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए डालसा सचिव के द्वारा पूर्व में ही बैंक व इंश्योरेंस कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जा चुकी है।

# दस मिलियन लोगों तक ग्लूकोमा जागरूकता पहुंचाना अभियान का उद्देश्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वर्ल्ड ग्लूकोमा वीक के तहत एनटॉड आई हेल्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में 12 से 20 मार्च तक रांची में 'वर्ल्ड ग्लूकोमा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य 10 मिलियन लोगों तक पहुंचना है। इस अभियान के माध्यम से खासकर 40 साल या उससे ज्यादा के उम्र के लोगों के बीच ग्लूकोमा संबंधी जागरुकता फैलाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही युवाओं पर भी इस अभियान के तहत ध्यान है। ग्लूकोमा से संबंधित जानकारी फैलाने के लिए आरंभ इस अभियान के माध्यम से लोगों को जागरुक करते हुए आग्रह किया जा रहा कि वे लगातार अंतराल पर अपनी आंखों की जांच करवाएं ताकि वे अपने ग्लूकोमा होने के खतरे को भांप सकें। इस प्रयास में एनटॉड आई हेल्थ फाउंडेशन का सहयोग है।

### राज्य में चल रहा ग्लूकोमा जागरूकता अभियान

डॉ सुनील कुमार, रिम्स रांची के प्रोफेसर ने कहा यदि घर के बड़े बुजुर्गों को पहले से ही ग्लूकोमा है तो आने वाली पीढ़ी में ग्लूकोमा होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही यदि वे उच्च रक्तचाप, थायरॉयड रोग या अन्य हृदय संबंधी समस्याओं जैसी चिकित्सीय स्थितियों से पीड़ित हैं तो उन्हें अधिक ध्यान देने की आवशयकता है।

यह अभियान झारखंड, बिहार, कोलकाता, दिल्ली, पंजाब, और कश्मीर में चलाया जा रहा है, जो न केवल ग्लूकोमा के बारे में जानकारी प्रसारित करेगा और जागरूकता बढ़ाएगा, बल्कि लोगों की स्क्रीनिंग कर ग्लूकोमा की रोकथाम रणनीतियों का समर्थन करने के लिए विशेषज्ञों के साथ जागरूकता वार्ता आयोजित करेगा। विभिन्न राज्यों/शहरों में मुफ्त नेत्र जांच शिविर, ग्लूकोमा जागरूकता के लिए वॉकथॉन, सीएमई कार्यशालाएं, पूर्व ओपीडी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# चालीसा प्रभु के साथ जुड़ने व सब को साथ लेकर चलने का पुण्य काल : कुलदीप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अपने सांसारिक धन-दौलत,रुपये- पैसे, कार बंगले पर घमंड नहीं बल्कि प्रभु के प्रेम में बढ़ने का प्रयास करें, दुनिया में ऐसे बहुत से लोग होते हैं जो थोड़ा सा पैसा कमा लेने के बाद खुद को दूसरों से बहुत बड़ा समझने लगते हैं और अपने दोस्तों, रिश्तेदारों से भी दूरी बना लेते हैं और ये समझने लगते हैं कि जिंदगी में ये पैसा ही उनके काम आएगा। सही मायने में अमीर वही होता है जो किसी को साथ लेकर चलता है और उसे अपनी अमीरी व संपन्नता पर घमंड नहीं, बल्कि अपने ईश्वर पर पूर्ण विश्वास और भरोसा होता है। रांची महाधर्मप्रांत के यूथ को-ऑर्डिनेटर कुलदीप तिर्की ने बताया कि चालीसा काल प्रत्येक मसीही को आत्म मूल्यांकन, सच्चे पश्चाताप के साथ ख्रीस्तीय आदर्शों की प्रगाढ़ता में बढ़ने की आध्यात्मिक तैयारी का समय है। चालीसा काल की आध्यात्मिक तैयारी संसार के मनुष्यों को ईश्वर के साथ जुड़ने का पावन समय है। यही वजह है कि चालीसा काल में प्रत्येक मसीही आत्ममूल्यांकन से यह तय करते हैं



कि वह चालीसा के सही नियमों के मुताबिक चल रहा है या ईश वचनों को दरकिनार कर प्रभु से दूर हो रहा है। इसे समझाने के लिए उन्होंने एक लघु कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि एक बार एक चूहा हीरा निगल लिया। हीरे के मालिक ने चूहे को हीरा निगलते देख लिया था। तब हीरे के मालिक ने एक शिकारी को ठेका दिया कि उस चूहे को मारे। शिकारी जब चूहे को मारने पहुँचा तो वहाँ झुंड में बहुत सारे चूहे एक दूसरे पर चढ़े हुए थे। शिकारी ने देखा कि इस झुंड से भी अलग एक चूहा सबसे अलग बैठा था। शिकारी ने सीधा उस चूहे को पकड़ा और उसे हीरे के मालिक के पास पहुंचा। हीरे के मालिक ने तब शिकारी से सवाल किया कि उतने सारे चूहों में तुम्हें कैसे पता चला कि इसी चूहे ने मेरा हीरा निगल गया है। शिकारी ने जवाब दिया, सेठ जी ये बहुत ही आसान था क्योंकि जब कोई मूर्ख धनवान बन जाता है तो वह अपनों से भी मेल मिलाप छोड़ देता है। उसका अलग-थलग बैठना ही यह स्पष्ट करता था कि वह सबको साथ लेकर चलने वालों में नहीं है। वह खुद को दूसरों से बड़ा समझता है और इसी क्रम में वह अपने लोगों के साथ-साथ ईश्वर से भी दूरी बना लेता है।

# जुडको में हेल्थ चेकअप शिविर आयोजित


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मेडिका सुपर स्पेशियाल्टी हास्पिटल रांची एवं जुडको के संयुक्त तत्तावधान में चिकितसकीय जांच शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। इस जांच शिविर में जुडको के कर्मचारी, अधिकारी एवं उनके परिवार के सदस्यों का सुगर, वजन, ब्लडप्रेशर और आक्सीजन लेवल की जांच की गयी। जिनकी जांच में कुछ समस्या पायी गयी, उन्हें बेहतर चिकित्सा की सलाह दी गयी।



जांच शिविर में जुडको के महाप्रबंधक (पेयजलापूर्ति ) एसएस सेनगुप्ता, उप परियोजना निदेशक उत्कर्ष मिश्र और उप महाप्रबंधक अलोक मंडल के आलावा अन्य कई अधिकारियो ने हेल्थ चेकअप कराया।

## जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड और चाइल्ड वेलफेयर कमिटी के रिक्त पद भरे सरकार : हाइकोर्ट



**रांची।** जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड चाइल्ड वेलफेयर कमिटी और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में बताया गया कि जेजे बोर्ड में6 रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। वहीं सीडब्ल्यूसी में भी रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति पूरी हो जाएगी, इसके लिए 21 से 24 मार्च तक साक्षात्कार होना है, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 31 मार्च निर्धारित की है।

पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि नियुक्ति के लिए सिलेक्शन कमिटी का चेयरमैन रिटायर्ड जस्टिस एके गुप्ता को बनाया गया है। जेजे बोर्ड में सोशल मेंबर के 6 पद रिक्त हैं। वहीं सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन के 6 पद रिक्त हैं। इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। नियुक्ति के लिए आये आवेदनों की स्क्रूटनी की गयी है।

बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि खंडपीठ को पूर्व में बताया गया था कि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड) व सीडब्ल्यूसी अधिकतर पदों पर नियुक्ति कर दी गयी है, लेकिन अब भी कई पद खाली हैं। वहीं राज्य बाल संरक्षण आयोग में अध्यक्ष व सदस्य का पद कई वर्ष से खाली हैं। पद खाली रहने के कारण आयोग सही तरीके से काम भी नहीं कर पा रहा है। प्रार्थी चंदन सिंह, बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गयी है।

### पोषण सखियों ने कहा- सरकार ने उनकी नौकरी छीनी

# प्रशासन ने विधानसभा घेराव से पहले ही पोषण सखियों को रोका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पुलिस की तैयारी के बावजूद पोषण सखियों ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शनिवार को विधानसभा के पास प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के तहत जैसे ही पोषण सखियां विधानसभा की तरफ बढ़ने लगीं उन्हें बीच में ही पुलिस ने रोक लिया। इस दौरान कई पोषण सखियों ने जबरन बैरिकेड को पार करने की कोशिश की, जिससे धक्का मुक्की जैसी स्थिति बन गई। पोषण सखियां अपनी कई मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से लगातार प्रदर्शन कर रहीं हैं।



पोषण सखियों का कहना है कि वे लोग पिछले कई सालों से आंगनबाड़ी केंद्र में महज दो हजार रुपए में काम कर रही थीं, लेकिन 2022 में सरकार ने उनकी ये नौकरी छीन ली, जिसकी वजह से वे सड़क पर आ गईं हैं। छह जिलों में कार्यरत सभी पोषण सखी पिछले एक साल से विरोध प्रदर्शन कर रहीं हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है। प्रदर्शन में शामिल पोषण सखियों ने बताया कि वे अपने घर परिवार को छोड़कर सिर्फ तीन हजार की नौकरी पाने के लिए सड़क पर हैं, लेकिन सरकार को इससे कोई मतलब नहीं हैं। उनका कहना था कि बजट सत्र के दौरान हमारी समस्याओं के समाधान पर विचार नहीं करती है और कोई निर्णय नहीं लेती है, तो उनका प्रदर्शन और भी उग्र होगा।

ज्ञात हो कि राज्य के छह जिलों में कुपोषण को कम करने के लिए पोषण सखियों को नियुक्त किया गया था। कई वर्षों तक काम करने के बाद सरकार ने अचानक सभी पोषण सखियों को नौकरी से हटा दिया। जिसको लेकर बजट सत्र के दौरान पोषण सखियां प्रदर्शन पर बैठी हैं, ताकि उनकी मांगे पर सरकार विचार करें और उनकी खोई नौकरी भी वापस हो सके।

### खबर एक नजर में

## शारदा ग्लोबल की छात्रा को पीएम ने किया सम्मानित



**रांची।** केंद्र सरकार की ओर से आयोजित पेन्टिंग कम्पटीशन एक्जाम वॉरियर्स में शारदा ग्लोबल की नौवीं कक्षा की छात्रा प्रियांशी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मानित किया। सांसद संजय सेठ ने प्रियांशी द्वारा रचित पेंटिंग श्री मोदी को भेंट की। प्रियांशी की इस विशिष्ट उपलब्धि पर विद्यालय की निदेशक डॉ रंजना स्वरूप और विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जसमीत कौर ने प्रियांशी की सफलता पर खुशी जतायी है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्र जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्ष्टता एवं सफलता के रंग भरते जा रहे हैं, जो विद्यालय की सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली की उत्कृष्टता को दर्शाता है।

## सीएम ने विधायक स्टीफन को खिलाया केक

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शनिवार को झामुमो के वरिष्ठ नेता एवं महेशपुर विधायक स्टीफन मरांडी के डोरंडा स्थित आवास में मुलाकात कर उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से श्री मरांडी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर विधायक स्टीफन मरांडी ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

## लोक कलाकार संघ का दल सीएम से मिला

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड लोक कलाकार संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर कला-संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बनाये गये महत्वाकांक्षी योजनाओं को यथाशीघ्र शुरू कराने के संबंध में उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में झारखंड लोक कलाकार संघ के अध्यक्ष बनफूल नायक, उपाध्यक्ष अनीता उरांव, सचिव प्रभात कुमार महतो, कोषाध्यक्ष-लक्ष्मीनाथ महतो, कार्यकारिणी सदस्य मेघनाथ महतो, शहाबुद्दीन अंसारी, जगन्नाथ महतो, फुलमनी कुजूर एवं विनोद कुमार महतो शामिल थे।

## मुख्यमंत्री से मिला श्री महावीर मंडल का दल

**रांची।** झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में श्री महावीर मंडल निवारनपुर तपोवन मंदिर के एक दल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा तपोवन मंदिर के सुंदरीकरण के लिए 14 करोड़ 66 लाख रुपए आवंटित किये जाने को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने तपोवन मंदिर के सुंदरीकरण शिलान्यास कार्यक्रम तथा रामनवमी पूजा में सम्मिलित होने के लिये सादर आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल में सुशील दुबे, राजीव रंजन राजू, अभिषेक कुमार, बमबम सिंह, राजेश गुड़िया, बॉबी खुराना, रवि शर्मा, अजय दुबे आदि लोग उपस्थित थे।

## सीएम से मिला कैंटोन इंडिया का दल

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को दुनिया की अग्रणी बियरिंग बनाने वाली कंपनी कैंटोन इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष-इंडिया एवं साउथ-एशिया तथा प्रबंध निदेशक-इंडिया संजय कौल और यूएसए कैंटोन फाउंडेशन के ट्रेजरर हेनरी एच टिमकन ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ उन्होंने झारखंड में टिमकेन इंडिया लिमिटेड एवं टिमकेन फाउंडेशन के द्वारा आदिवासी समुदाय के विकास में किए जा रहे कार्यों की चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जमशेदपुर में स्थित टिमकेन इंडिया लिमिटेड एवं टिमकेन फाउंडेशन ने शहर के आस-पास आदिवासी क्षेत्रों में कई विकास कार्य किये हैं। कई स्कूल-कॉलेजों का निर्माण कराया है। वहीं, झारखंड के अन्य जिलों में भी आदिवासी विकास को बृहद रूप देने के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा की गई। संजय कौल एवं हेनरी एच ने राज्य में आदिवासियों के विकास के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने के लिए मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं तोड़ंग ट्रस्ट की संस्थापक डॉ वासवी किड़ो भी मौजूद रहीं।

## राजद कार्यकारिणी की बैठक कल

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के निर्देश पर राज्य कार्यकारिणी की बैठक 20 मार्च को प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गयी है। प्रदेश राजद के महासचिव सह प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि बैठक में झारखंड प्रभारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव उपस्थित रहेंगे। बैठक में संगठन को मजबूत करने, सदस्यता अभियान में तेजी लाने एव झारखंड में पंचायत से प्रदेश तक संगठन को मजबूत बनाने पर विचार विमर्श होगा।

## कैंसर से खराब जबड़े का सफल प्रत्यारोपण

**रांची।** बदलते विज्ञान ने चिकित्सा व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। मेडिका के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने एक बार फिर अपने कुशल ज्ञान से मरीज की जान बचाने में सफलता पायी है। बताते चलें कि कैंसर की वजह से एक मरीज के जबड़े को पूरी तरह से निकाल दिया गया था। फिर मरीज के सीटी स्कैन और 3 डी तकनीक की मदद से बिलकुल मरीज के आकार का कृत्रिम जबड़ा बनाया गया और उसका सफल प्रत्यारोपण किया गया।

## पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में आरोपी बरी

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शनिवार को पांच साल पुराने नाबालिग से दुष्कर्म मामले के आरोपी बरियातू के नया टोली निवासी कुलदीप कच्छप को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। घटना को लेकर तीन नवंबर 2017 को बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी लेकिन अदालत में गवाही के दौरान पूर्व के बयान से मुकर गई। मामले में पीड़िता की गवाही बीते 28 फरवरी को दर्ज की गई थी। जबकि, मामले में आरोपी के खिलाफ 29 नवंबर 2018 को आरोप गठित किया गया था। पीड़िता की गवाही के कारण कोर्ट को चार साल तक इंतजार करना पड़ा।

## दुष्कर्म का आरोपी साक्ष्य के अभाव में रिहा

**रांची।** पोक्सो मामले की विशेष अदालत शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले के आरोपी वसीम अकरम को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अदालत में गवाही के दौरान पीड़िता अपने पूर्व के बयान से मुकर गई। साथ ही, उसके परिजन भी पूर्व के बयान से मुकर गया। इसी का लाभ आरोपी को मिला। यह फैसला सिर्फ दो महीने के अंदर आया है। उक्त घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने अरगोड़ा थाना में नवंबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में बीते 21 जनवरी को आरोपी के खिलाफ आरोप तय किया गया था।

## गांधी शिल्प बाजार मेले में उमड़ी भीड़



**रांची।** मोरहाबादी मैदान स्थित गांधी शिल्प बाजार मेले में शनिवार को लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। लोग अपने पसंद की वस्तुओं की खरीदारी की और मेले का पूरा लुफ्त उठाया। मेले में कुल 200 से अधिक स्टॉल लगाए गये हैं। जिसमें दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओड़िसा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड ,मध्य प्रदेश इत्यादि से आए कलाकार अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। मेले में खाने पीने के लिए 10 फूड स्टॉल भी खोले गए हैं। वहीं प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम कवि सम्मेलन आदि का भी आयोजन किया जाएगा। मेला सुबह 9 :00 बजे से रात्रि 10 :00 बजे तक चलेगा। मेले में लोगों का प्रवेश नि :शुल्क है।

## रांची में वीआइपी के खाते से उड़ाये पैसे, गिरिडीह में धराया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मुख्य सरगना समेत दो गिरफ्तार**

**रांची।** रांची साइबर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरिडीह से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। दोनों आरोपियों ने रांची में एक वीआईपी के खाते से पैसे उड़ा लिये थे। इस मामले में साइबर थाना रांची में एक मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद साइबर पुलिस ने उस आईपी एड्रेस की तलाश में जुट गई, जिससे राशि की निकासी हुई थी। छानबीन में पता चला कि जिन साइबर अपराधियों ने पैसे निकाले हैं, वे वर्तमान में गिरिडीह में रह रहे हैं। सूचना पर साइबर पुलिस की टीम गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना एरिया के गांडेय पहुंची और दो आरोपी को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में विनोद मंडल और बॉबी मंडल हैं।

**चावल के ड्रम से सात लाख 80 हजार रूपए बरामद :** साइबर पुलिस ने इन साइबर अपराधियों के पास से 7 लाख 80 हजार रूपए, एक स्मार्ट फोन, सिम कार्ड और अन्य दस्तावेज जब्त किया गया है। छापेमारी में विनोद मंडल के घर से उक्त रूपए चावल के ड्रम में छिपाकर रखे गए थे।

साइबर डीएसपी के मुताबिक, कुछ दिन पूर्व रांची के एक वीआईपी के खाते से साइबर फ्रॉड कर लाखों रूपए उड़ा लिए थे। साइबर फ्रॉड का शिकार होने के बाद भुक्तभोगी ने रांची साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराया था। इसके बाद साइअर थाना रांची की पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। फिर, टीम ने बेंगाबाद पुलिस की मदद से दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## एटीएस ने पांच लाख का ब्राउन शूगर के साथ छह को किया गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड एटीएस की टीम ने ब्राउन शुगर के खिलाफ कार्रवाई करते आधा दर्जन आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के रोहतास जिले के सासाराम थाना क्षेत्र के बोदामोड़ निवासी सुनीता देवी, रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू मुक्तिधाम निवासी रंजन कुमार उर्फ चुद्दी, प्रदीप सिंह, सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित पिस्का मोड़ निवासी हर्ष मिश्रा, अरगोड़ा थाना क्षेत्र निवासी अनिमेष कुमार सिंह ओर संजय कुमार साह है। आरोपित के पास से 89 पुड़िया तथा अलग से लगभग 40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। बरामद ब्राउन शुगर की कीमत बाजार में करीब 5 लाख रुपये है। आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस के डीएसपी के नेतृत्व में कार्रवाई की गयी।

## नामकुम गोलीकांड मामले में 12 आरोपी भेजे गये जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने नामकुम में जमीन विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में मुख्य आरोपी समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें प्रवेश कुमार, सूरज कुमार, सुनील मुंडा, विनोद कुमार राम, शुभम कुमार, मनीष कुमार, विजय टोप्पो, रोहन सिंह, समीर, आलोक कुल्लू, प्रकाश कुमार और रवि सिन्हा शामिल है। केतारी बगान में शुक्रवार की दोपहर जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी में दो व्यक्ति घायल हो गए थे। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने छापेमारी कर यह कार्रवाई की है।

**धारा-144 लगने के बाद भी हो रहा था काम, पुलिस ने नहीं रोका**

जिस जमीन पर चल रहे निर्माण को रोकने को लेकर विवाद हुआ, दरअसल उस पर एसडीओ कोर्ट से धारा 144 लगा हुआ है। इसके बावजूद उस भूखंड पर जमीन कारोबारियों द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा था। इसे रोकने के लिए पीड़ितों ने नामकुम थाना के पुलिसकर्मियों से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह आरोप पीड़ित ग्रेसी खलखो ने लगाया है। बताया कि केतारी बगान में 1.44 एकड़ जमीन भुईंहरी पहनई है, जो उनके नाम पर है।1929 से कब्जे में है। जमीन पर चुटिया के अशोक पासवान अपने सहयोगी मुन्ना नायक, राजन भुटकुंवर, रंजीत भुटकुंवर के साथ मिलकर कब्जा कर उसे बेच रहे थे। इसको लेकर 13 मार्च को इस भूखंड पर धारा-144 लगाया गया था। इसकी कॉपी नामकुम थाना को भी दी गई। फिर भी पुलिस की ओर से निर्माण कार्य नहीं रोका गया।

## निगम कर्मियों के खिलाफ क्यों हुई कार्रवाई: हाईकोर्ट

**रांची।** रांची नगर निगम में फोर्थ ग्रेड में नियुक्त कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। रांची नगर निगम कर्मचारी संघ के दो कर्मियों को शोकॉज नोटिस जारी करने एवं उनपर विभागीय कार्रवाई शुरू करने के आदेश पर सवाल उठाया गया। जिस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि एकल पीठ के आदेश के अनुपालन को लेकर कोई कार्य किया जा रहा है तो उसमें कर्मी को शोकॉज करना और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का आदेश देने का क्या औचित्य है। कोर्ट ने कहा निगम के दोनों कर्मियों की ओर से रांची नगर निगम के फोर्थ ग्रेड कर्मियों के प्रमोशन को लेकर डीएमए से मार्गदर्शन मांगा गया था लेकिन उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया गया। इस पर निगम और डीएमए की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई।

## महिला सशक्तिकरण में वसंत मेला कारगर : लेफ्टिनेंट कर्नल रीना झा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी महिला मंच रांची शाखा के तत्वावधान में अग्रसेन भवन में आयोजित तीन दिवसीय मेले का समापन शनिवार को हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल रीना झा थीं। रांची शाखा की अध्यक्ष नैना मोर ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। मेले की संयोजिका अलका सरावगी ने मेले की सफलता पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल के सौजन्य से मेले में आई बहनों को अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। जिसमें बेस्ट कुटीर उद्योग-रचना भाव सिंह, बेस्ट हैंडीक्राफ्ट-शिवानी कुंडू, बेस्ट एक्सक्लूसिव-नमिता केडिया, बेस्ट सेल्समैनशिप-प्रीति सर्राफ को दिया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल रीना झा ने कहा कि मारवाड़ी महिला मंच रांची शाखा का यह आयोजन व कदम महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काफी सराहनीय है। मेले के अंतिम दिन महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। मेला आयोजन में बबीता नारसरिया, मंजू लोहिया, गीता डालमिया, बिना मोदी, मंजू केडिया, मधु सर्राफ, रीता केडिया, रीना सुरेखा, अनु पोद्दार, प्रीति पोद्दार, प्रीति बंका, सुनीता सरावगी आदि ने भूमिका निभायी।

## 19-20 को भी राज्य के कई इलाकों में बारिश

**रांची।** झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ के कारण पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। मौसम विभाग ने 19 व 20 मार्च को भी राज्य के कई इलाकों में बारिश होने की संभावना जतायी है। इधर शनिवार को रांची सहित राज्य के कई जिलों में आसमान में बादल छाए रहे और मेघ-गर्जन के साथ मध्यम दर्जे की बारिश भी हुई। वहीं राज्य के कई जिलों में तेज हवा के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार झारखंड में वेस्टर्न डिर्स्टबेंस और सब हिमालयन वेस्ट बंगाल से लेकर ओड़िशा तक बने एक सिस्टम की वजह से यह असर दिख रहा है। 18 मार्च को झारखंड के कई इलाकों में ओलावृष्टि, मेघ गर्जन, वज्रपात के साथ हल्के दर्जे की बारिश की भी संभावना बनी हुई है।

## समृद्ध राष्ट्र बनाने की प्रक्रिया अब तेज करनी होगी : संघ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत कार्यवाहक संजय कुमार ने कहा कि समृद्ध राष्ट्र बनाने की प्रक्रिया अब तेज होनी चाहिये। श्री कुमार शनिवार को श्रीनिकेतन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सर्वांगीण विकास के अवसर, तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग एवं पर्यावरणपूरक विकास सहित आधुनिकीकरण की भारतीय संकल्पना के आधार पर नये प्रतिमान खड़े करने जैसी चुनौतियों से पार पाना होगा। उन्होंने तीन वक्तव्यों के बारे में कहा कि संघ का मत है कि भगवान महावीर की निर्वाण प्राप्ति के 2550वें वर्ष के अवसर पर वर्तमान को वर्द्धमान की



बहुत आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि संघ सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण एवं नागरिक कर्तव्य पर जागरुकता की दिशा में कार्यरत है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस निमित्त संघ प्रांत के सभी मंडल बस्ती कार्ययुक्त हो। इस अवसर पर क्षेत्र संघ चालक देबव्रत पाहन, सह प्रान्त प्रचार प्रमुख संजय कुमार आजाद उपस्थित थे।

## अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस पर कार्यक्रम 20 से

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का तीन दिवसीय कार्यक्रम 20 से शुरू हो रहा है जो 22 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन पलाश सभागार स्थल वन भवन, डोरंडा में होगा। इस आयोजन में प्रकृति/वनों पर आधारित रोजगार के लिए लघु वन पदार्थ से बने सामान के स्टॉल लगाया जायेगा। वहीं शहद, लाह के बने सामान, तसर के बने सामान, महुआ से बने सामान, चिरौंजी, औषधीय पौधे का प्रदर्शन एवं बिक्री होगी। ऑल इंडिया स्प्रिंग आर्ट कैम्प में कला के माध्यम से वनों के संरक्षण के प्रचार-प्रसार के लिए किया जायेगा। इसमें झारखण्ड, ओड़िशा, प. बंगाल, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश के कलाकारों की भागीदारी होगी। 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर 40 वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, 22 मार्च को विश्व जल दिवस कार्यशाला होगी। इस अवसर पर वनों में जल संचयन तथा वनों की सुरक्षा करने वाले 25 वन सुरक्षा समिति के सदस्यों को सम्मान किया जाएगा।

### सरहुल तैयारी : डीसी-एसएसपी ने सरना स्थलों का लिया जायजा

# राजधानी के सरना स्थलों पर बेहतर व्यवस्था करेगा प्रशासन : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरहुल पर्व के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने शहर के विभिन्न सरना स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान सिटी एसपी एस जैन, अपर जिला दंडाधिकारी आर एन आलोक, उप समहर्त्ता जिला नजारत, रांची एवं अन्य संबंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल ने सिरम टोली, सरना टोली एवं हातमा स्थित सरना स्थलों का निरीक्षण किया। इन तीनों सरना स्थलों पर समितियों के पदधारियों के साथ बातचीत कर व्यवस्था में सुधार के संबंध में बातचीत की।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने



कहा कि समिति द्वारा सरना स्थलों पर लाइट, सड़क समतलीकरण, जलापूर्ति, मोबाइल टॉयलेट आदि की बेहतर व्यवस्था को लेकर समतियों द्वारा राय दी गयी। उन्होंने कहा कि इस आलोक में संबंधित पदाधिकारियों द्वारा सरना स्थलों पर मुकम्मल सुविधा के लिए खाका तैयार कर लिया गया है, सभी सरना स्थल पर व्यवस्था बेहतर बनानी है। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों एवं सरना समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर सरना स्थल पर आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि सरहुल पर्व के दौरान सरना स्थल पर आने वाले लोग पूजा करने के बाद सुगम तरीके से अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो सके, ऐसी व्यवस्था की जाएगी। नगर निगम द्वारा लोगों के लिए वाहन की व्यवस्था की जा रही है।

**सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम :** बैठक के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने कहा कि सरहुल पर्व के मद्देनजर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की जायेगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को लगाया जायेगा। आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं, साथ ही ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जाएगा ताकि असामाजिक तत्व किसी प्रकार का कोई फायदा नहीं उठा पायें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक किसी तरह से बाधित ना हो रूट को ध्यान में रखते हुए डायवर्ट किया जाएगा और इस संदर्भ में पूर्व में ही मीडिया में सूचना दी जाएगी।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण न हो इसे लेकर लगातार आग्रह किया गया है। सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक की गई है एवं प्रशासन द्वारा उनसे अंडरटेकिंग भी ली गई है कि लाउडस्पीकर एक्ट का अनुपालन अवश्य किया जाए। कोई भी कानून का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## माकपा का शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला

**रांची।** माकपा की झारखंड राज्य कमिटी ने शनिवार को रांची स्थित एसडीसी सभागार में एक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में माकपा के राज्य सचिव ने कहा कि आज शासक वर्ग बड़े पैमाने पर यह संगठित प्रयास कर रहा है कि आम मेहनतकशों को जो अपने जीवन जीविका पर बढ़ते खतरे और बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त हैं, उन्हें अंधविश्वास, भाग्य और कर्मकांड की ओर धकेला जाय ताकि वे अपनी दुर्दशा के लिए जिम्मेदार नीतियों के पीछे की राजनीति को न समझ सकें। इसलिए इस दौर में आम जनता को वैज्ञानिक चेतना से लैस करते हुए उन्हें शासक वर्ग के षड्यंत्रों से अवगत कराना हमारी जिम्मेवारी है। डॉ काशीनाथ चटर्जी ने कहा कि सुकरात हो या कोपर्निकस या फिर चार्वाक, प्राचीन काल में उन्होंने विज्ञान के पक्ष में अपने अनुभवों के आधार पर तर्कों को रखा लेकिन उस वक्त के शासक वर्ग ने उन्हें प्रताड़ित ही नहीं किया बल्कि सत्य को उजागर करने के कारण मौत के घाट उतार दिया। कार्यशाला में समीर दास, डॉ अली इमाम खान, रामचंद्र ठाकुर और सुरजीत सिन्हा ने व्याख्यान दिया।

# बेटियों की शिक्षा में आरटीसी कॉलेज मील का पत्थर

## आरटीसी कॉलेज में हुए राष्ट्रीय सेमिनार में रखे अपने-अपने विचार



राष्ट्रीय सेमिनार के मंच पर उपस्थित अतिथिगण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज दड़दाग ओरमांझी के विवेकानंद सभागर में शनिवार को झारखंड के उच्च षिक्षा संस्थनों के विकास में नैक एनएएसी के नये प्रत्यायनित ढांचे की भुमिका, विषय पर आयोजित सेमिनार का आयोजन हुआ। पूर्व सांसद राम टहल चैधरी की अध्यक्षता में आयोतिज राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय रांची के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंहा के साथ उपस्थित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कुलपति डा0 अजीत कुमार सिंहा ने उच्च शिक्षण संस्थान का मूल्यांकन करने का मुख्य आधार नैक का महत्व बताया और कहा नैक संस्थान के आंतरिक और बाह्य स्थिति का मूल्यांकन सुनिश्चित करता है और इसे मूल्यांकन का पैमाना भी बनाया है। उन्होने बताया की नई शिक्षा नीति-2020 के तहत सभी उच्च संस्थानों को नैक कराना अनिवार्य किया गया है। ऐसे में बदली हुई मौजूदा परिस्थिति में इसकी जटिलता को दूर करने के लिए इसकी बारीकियों को गहनता से समझने की जरूरत है। उन्होने आरटीसी कॉलेज व सेमिनार की सरहाना की और कहा ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा के सर्वव्यापी करण में आरटीसी कॉलेज मील का पत्थर का काम किया है। उन्होने कॉलेज का नैक में ग्रेडिंग कराने के प्रयासों में समन्वय सहयोग करने का भी आश्वासन दी है।

### कार्यक्रम में रखे विचार

कार्यक्रम में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जैक अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो, रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुकूलचन्द्र महतो, झारखंड तकनीकी यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, दिलीप मंगराज, आरएस कॉलेज, गोविंदपुर धनबाद के प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार सिंह, पीजी रांची विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रो विष्णुचरण महतो, आरएमडी कॉलेज पटिया भुवनेश्वर ओडिसा के प्राचार्य प्रो प्रशान्त राउत, एसएसजे डिग्री कॉलेज बोरियो, साहेबगंज के प्रो नजूल इस्लाम, लंगट बाबा कॉलेज गिरीडीह के प्रो कमल नयन, बीबीएम कॉलेज, जहानाबाद के प्रो प्रमोद कुमार, कॉलेज के अध्यक्ष डॉ रूद्र नारायण महतो, निदेशक डॉ पारसनाथ महतो, प्राचार्य डॉ भीम महतो के साथ विभिन्न राज्य से पहुंचे प्राचार्य व कॉलेज के प्रतिनिधियों ने भी सेमीनार में अपने विचार प्रकट किए। वहीं कॉलेज की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य कर अतिथियों का स्वागत किया। बाद में सेमिनार में शामिल लोगों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### चार राज्य के कॉलेज के प्राचार्य हुए शामिल



आरटीसी कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में बिहार, उड़िसा, छतिसगढ़ के अलाव झारखंड के विभिन्न जिला के उच्च कॉलेज के प्राचार्य व कॉलेज के प्रतिनिधि में कूल बत्तीस रिचर्स स्कॉलरों ने भाग लिया। सेमीनार के टेक्निकल सेसन को डॉ प्रवीण कुमार सिंह व प्रा0 प्रशांत राउत ने संबंधित किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो व संचालन शैलेन्द्र मिश्र ने किया। इस अवसर पर आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर प्रो मीनू कुमारी, सहायक कॉर्डिनेटर प्रो अनुराधा, प्रो इमरान अंसारी, प्रो रामकुमार महतो, प्रो रीता कुमारी, प्रो एकबाल अंसारी, प्रो योगेन्द्र ठाकुर, प्रो प्रेमनाथ मुंडा, प्रो आरएन पांडेय, प्रो ओपी साहा, शशि मिश्रा, रेणु चैधरी, अलका तिर्की, पुष्पा टोप्पो, संध्या कुमारी, कमला सरोज, मंजुमा नाजी, कृष्ण कुमार, ब्रजेन महतो, टिकेश्वर चौधरी, विजय कुमार, लक्ष्मण महतो, सहित कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### प्रज्ञा केंद्र में लूटः दूसरे आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर



**मैक्लुस्कीगंज।** मैक्लुस्कीगंज के प्रज्ञा केंद्र के लूटकांड का दूसरा आरोपी ने न्यायालय के समक्ष सरेंडर कर दिया। ज्ञात हो कि 17 मार्च को लगभग 12 बजे मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र विकास नगर स्थित प्रज्ञा केंद्र में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया थाण लूटकांड में शामिल अपराधियों ने प्रज्ञा केंद्र संचालक विजय यादव से 70 हजार नगद व एक मोबाइल लूट लिए थे। घटना के बाद मौके पर विजय यादव की सूझबूझ व ग्रामीणों की सहयोग से एक अपराधी तौफीक अंसारी को मोटर साईकल सहित दबोच लिया गया थाण जिसे स्थानीय पुलिस ने शनिवार को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं लूटकांड में शामिल दूसरा अपराधी जेहलीटांड़ निवासी सुल्तान अंसारी का पुत्र साहिल अंसारी ने न्यायालय के समक्ष सरेंडर कर दिया है।

### पिठोरिया में शांति समिति की बैठक

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना परिसर में रामनवमी और सरहुल त्योहार को लेकर पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। सभी लोगो ने दोनों त्यौहार को शांति और सद्भावना तरीके से संपन्न कराने की बात कही। तय हुआ कि दोनों त्योहार मनाने के दरम्यान शांति समिति के सदस्य विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। त्योहार के दिन पूरे थाना क्षेत्र में शराबबंदी लागू रहेगी। बैठक में अनिल केसरी, हकीम अंसारी, एसआई राहुल कुमार, नीतीश कुमार उपस्थित थे।

### हेसल खेल मैदान का खेसरा सं. 4201 पढ़ें

**अनगड़ा।** हेसल खेल मैदान निर्माण में बाधा सीएम को ग्रामीणों ने लिखा पत्र शीर्षक से 18 मार्च के अंक में समाचार प्रकाशित हुआ है, जिसमें मैदान बनाए जा रहे जमीन का खेसरा संख्या 4201 के स्थान पर 4102 छप गया है। कृपया इसे खेसरा संख्या 4201 पढ़ा जाए।

### एटक के राष्ट्रीय महामंत्री का सिकिदिरी में स्वागत

**सिकिदिरी।** एटक के राष्ट्रीय महामंत्री कामरेड अमरजीत कौर का शनिवार को ईद मोड़ सिकिदिरी में झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स यूनियन परियोजना सिकिदिरी के कामगारों ने साहेबराम भोगता के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वे एटक के छठे राज्य सम्मेलन में भाग लेने बोकारो जा रही थी। स्वागत करने वालों में यूनियन के केन्द्रीय सचिव गोविंद राणा, राजेश कुमार, शशि गुप्ता, कोषाध्यक्ष खीम राणा, मेराज आलम, हरिचरण भोगता, राजकुमार, विजेंद्र कुमार, तरसेम सिंह, लालो गोप, वीरेंद्र कुमार, सुखदेव उरांव, चंदन, जग्गू गंझू, भुनेनेश्वर महतो आदि शामिल है।

### डीएवी नीरजा सहाय में एनडी ग्रोवर ब्लॉक का उद्घाटन

**पिठोरिया।** शनिवार को कांके कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में श्हेरिटेज बिल्डिंगश का उद्घटन हुआ तथा इसका नामकरण महात्मा नारायण दास ग्रोवर के नाम पर श्एन डी ग्रोवर ब्लॉक रखा गया साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए बाल चमन का भी उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन श्री ए के सहाय के कर कमलों द्वारा हुआ। प्राचार्या किरण यादव ने विद्यालय के स्तर को बढ़ाने के लिए किए जा रहे सर्वोत्तम प्रयासों से भी उन्हें अवगत कराया तथा विद्यालय के स्थानीय प्रबंधन समिति एल एम सीद्ध की मीटिंग में विद्यालय के उज्जवल भविष्य के लिए तारीफें बटोरी।

# पूजा समितियों से ली गयी जुलूस मार्ग की जानकारी, व्यवस्थित ढंग से जुलूस निकालने का निर्णय

## शांति समिति की बैठक में सरहुल-रामनवमी पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रकृति पर्व सरहुल और आस्था एवं शौर्य का त्योहार रामनवमी को लेकर शांति समिति की पूर्ण बैठक रविवार को थाना परिसर में हुयी। इस दौरान थानेदार सपन कुमार महथा ने सरहुल पूजा समिति और रामनवमी अखाड़ेधारियों से जुलूस मार्ग समेत संवेदनशील व अति संवेदनशील स्थान के बारे में विस्तृत जानकारी ली। सदस्यों ने श्री महथा को पूर्व की घटनाओं का स्मरण दिलाते हुये व्यवस्थित और सौहार्दपूर्ण ढंग से सरहुल महोत्सव की शोभायात्रा और रामनवमी जुलूस निकालने का भरोसा दिलाया।

### बैठक में थे शामिल

अवर निरीक्षक अमरनाथ कुमार सोनी, सहायक अवर निरीक्षक परशुराम सिंह, उज्ज्वल कुमार सिंह, विष्णु कुमार, राजकुमार सिंह, प्रदीप साहू, शौरभ कुमार साहू, चूड़ामणि महतो, गणेश महतो, विवेक कुमार तिवारी, राजकुमार वर्मन, हरि प्रसाद साहू, जगत महतो, रामधीर तिवारी, जयनाथ पांडेय, कामेश्वर महतो, अतुल राज, सुनिल उरांव, गुड्डू साहू, विनोद साहू व मुकेश भगत आदि।

# आईएचएम के छात्रों ने सीखे प्रतिभा, नेतृत्व और कठिन परिस्थितियों को संभालने के गुर

## आईएचएम में फूड एंटरप्रेन्योरशिप पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची में बेटर किचन द्वारा फूड बिजनेस एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। अयोजन के मुख्य प्रवक्ता हॉस्पिटैलिटी उद्योग में सनी श्रीराम के नाम से विख्यात श्रीराम सुब्रमण्यम थे। जिनके द्वारा छात्रों को होटल मैनेजमेंट कोर्स पूर्ण करने के पश्चात एक सफल उद्यमी बनने हेतु छात्रों में कौशल, प्रतिभा, नेतृत्व की गुणवत्ता, अच्छा संचार कौशल, कठिन परिस्थितियों को संभालने का गुण सिखाया गया। अपने कर्मियों को खुद के कार्य से प्रभावित करने तथा उनके साथ दोस्ताना व्यवहार के साथ साथ अपने कर्मियों को ससमय मुहैया कराकर अपने व्यवसाय को बढ़ाना उद्देश्य होना चाहिए।



### विद्यार्थियों की जिज्ञासा को किया दूर

छात्रों द्वारा पूछे गए कर्मचारी प्रबंधन, व्यापार प्रबंधन इत्यादि प्रश्नों का श्री सुभ्रमणयम द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने आयोजित इस कार्यशाला के लिए बेटर किचन का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों को भविष्य में एक सफल छात्र बनने के साथ साथ एक अच्छा उद्यमी कैसे और कौन बन सकता है पे मार्ग दर्शन किया।

## एक नजर में

### मैक्लुस्कीगंज में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**मैक्लुस्कीगंज।** सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती व एके मिश्रा विभागाध्यक्ष कार्मिक क्षेत्रीय संस्थान 3 रांची के दिशा-निर्देश में सीएसआर के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। लपरा पंचायत के नावाडीह गांव में आयोजित शिविर में मुख्य रूप से उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओम प्रकाश उपस्थित थे। शिविर में नावाडीह एवं आसपास के क्षेत्रों से आये लगभग 300 ग्रामीणों की स्वास्थ जांच कर नि:शुल्क दवा दिया गया। शिविर सफल बनाने में विभाग के एस गांगुली, राजश्री, अमित कुमार, एके मिश्रा, अक्षय कुमार, मनीष कुमार, किशोर कुमार, सुशील कुमार, बैजनाथ सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

### घर को ढाह कर धान खा गया हाथी



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के दुलमी गांव में शुक्रवार की रात हाथियों का झुंड ने जम कर उत्पात मचाया है। गांव के वार्ड सदस्य रथु सिंह मुंडा के दीवाल ओर एस्बेस्टस को तोड़ को घर मे रखा धान को खाया है। ग्राम प्रधान लखिन्द्र पुराण के खेत में लगे सब्जी फसल को खाया और नष्ट किया है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग को देकर मुआवजा की मांग किया है। 7 कि संख्या में हाथियों का झुंड गांव के आसपास जंगल में जमे हुये है।

### खलारी थाना में शांति समिति की बैठक



**खलारी।** रामनवमी व सरहुल पर्व को लेकर खलारी थाना परिसर में थाना प्रभारी फरीद आलम की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक किया गयाण बैठक में थाना क्षेत्र के गणमान्य व बुद्धिजीवी लोगो का आगमन हुआण बैठक में थाना क्षेत्र में आगामी पर्व सरहुल व रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा किया गयाण इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि व्हाट्सएप व सोसल मीडिया के माध्यम से अपवाह फैलाने वालेए शराब पीकर हुडदंग करने वालेए डीजे के माध्यम से आपत्ति गीत संगीत बजाने वालो पर अथवा चौक चैराहो पर बैठ कर दूसरे धर्म का उपहास उड़ाने वालो पर पुलिस की शक्त नजर रहेगाण वही बैठक में जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ व्यक्तियों के निर्णय पर थाना क्षेत्र में शांति व सौहार्द पूर्ण त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी, आशा देवी, मुन्नी देवी, अनिता देवी विक्की सिंह राहुल कुमार श्यामजी महतो आनंद कुमार कृष्णा चौहान दमयंती उरांव निर्मला उरांव सीमा कच्छप धर्मेंद्र सिंह दिनेश पांडेय धीरेंद्र प्रसाद अरुण चौरसिया सहित अन्य उपस्थित थे।

### चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**सोनाहातू।** पुलिस ने चोरी के आरोप में दो युवकों को छापामारी कर गिरफ्तार किया। शनिवार को आपने कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते हुए बुंडू एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि 16 मार्च को पशु चिकित्सक सोनाहातू ने एक लिखित आवेदन थाना में दिया था, जिसमें 15 मार्च की रात अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पशु चिकित्सालय कार्यालय में ताला तोड़कर मोटर साईकिल चोरी किया था। वरीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में इंस्पेक्टर रमेश कुमार, थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम की टीम ने कई जगहों पर छापामारी की गयी थी। 15 मार्च को शक के आधार पर टापाई दत्ता उर्फ आदित्य दत्ता को पूछताछ के लिये थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान टापाई दत्ता उर्फ आदित्य दत्ता ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। बयान में बताया कि सुभाष कुमार महतो के साथ मिलकर सोनाहातू पशु चिकित्सालय के कार्यालय में ताला तोड़ कर मोटर साईकिल चोरी को अंजाम दिया था एवं उक्त दोनों ने मिलकर चार मार्च की रात श्रम कार्यालय सोनाहातू से ताला तोड़कर पंखा, कुर्सी, लोहे का चौकी, स्टाटर, टेबल एवं मजदूर निबंधन आवेदन करीब 100 पीस चोरी करने की घटना को अंजाम दिया है। सोनाहातू थाना में मामला दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### रांची के आनंद और अंजनी ने एवरेस्ट पर फहराया तिरंगा




**पिठोरिया।** रांची के आनंद व अंजनी ने एवरेस्ट बेस कैंप पर तिरंगा लहराने के पश्चात सकुशल वापसी की है। अंजनी कुमारी ने अपने पति आनंद गौतम के साथ 13 मार्च को तिरंगा झंडा एवरेस्ट बेस कैंप पर लहराया। अंजनी कुमारी पेशे से डाटा साइंटिस है और शेल नाम के एमएनसी में कार्यरत हैं। उनके पिता का नाम डॉ वीरेंद्र प्रसाद है और माता का नाम रंजू प्रसाद है। अंजनी के पिता रांची यूनिवर्सिटी के इकोनॉमिक्स के प्रोफेसर रह चुके हैं। वहीं आनंद गौतम पेशे से कंसलटेंट हैं और केपीएमजी नामक एमएनसी में कार्यरत हैं। इनके पिता विजय कुमार केशरी और माता डॉ सबिता केशरी हैं। गौरतलब हो कि एवरेस्ट बेस कैंप की ऊंचाई समुंद्री तल से 17598 फीट है और उस ऊंचाई पर ऑक्सीजन की मात्रा 50 फीसदी होती है। मार्च के महीने में वहां का तापमान लगभग शून्य से 20 डिग्री नीचे होता है। अंजनी और आनंद ने इस ट्रैक की तैयारी 4 महीने से की थी। दोनों ने इस ट्रैक की शुरूआत 6 मार्च को लुक्ला नामक स्थान से की थी जो कि नेपाल में है।

# सरहुल पूर्व संध्या समारोह आज, तैयारी पूरी

## महोत्सव: रातू में मांदर की थाप थरकेंगे युवक-युवतियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड में पहली बार 19 मार्च को सरहुल महोत्सव की पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जायेगा। छोटानागपुर राज के ऐतिहासिक राजकिला स्थित मैदान में आयोजित होने कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। समारोह में दर्जनों खोड़हा टीमें भाग लेंगी। गीत-संगीत का दौर चलेगा। महोत्सव को लेकर समाज के युवक-युवतियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। वह मांदर की थाप पर खूब थिरकेंगे। सांस्कृतिक प्रतियोगिता भी होगी। यह जानकारी सरहुल पूजा समिति के महासचिव विश्वनाथ उरांव ने पत्रकारों को दी।

### पुरस्कृत होंगी टीमें

श्री उरांव ने बताया कि कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ लक्ष्मण उरांव आदि बतौर अतिथि भाग लेंगे। इन्हीं के बीच निर्णायक मंडली बनेगीए जो गीत-नृत्य का मूल्यांकन कर टीम का चयन करेगी, जिसे समिति की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से समारोह में हिस्सा लेने की अपील की है।

### चैती दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी गठित

**खलारी।** लपरा शिव मंदिर परिसर में चैती दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक किया गयाण बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र नाथ पांडेय ने किया। इस मौके पर एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष अविनाश पांडेय,.उपाध्यक्ष जय प्रकाश यादव, आशीष चौरसिया, प्रदीप यादव, सचिव गौरव पांडेय, सह सचिव अभिषेक पांडेय, मनीष कुमार, सुबोध रजक, कोषाध्यक्ष रमेश प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष सुनील गिरि, कार्यकारी मधुसूदन चौरसिया, संरक्षक अमित गुप्ता, जितेंद्र नाथ पांडेय, शैलेन्द्र गिरी, नागदीप यादव, उदित पांडेय, रोहित यादव, रविन्द्र प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

# खलारी में अवैध कोयला लदा पिकअप वैन जब्त, चालक फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र में इन दिनों कोयला चोंरी को लेकर पूरे क्षेत्र में जमघट सा बना हुआ हैण आये दिन कोयला का अवैध कारोबार थाना के सामने से तस्करी होते रहता हैण समाचार पत्रों के माध्यम से कोयला चोंरी का खेल का खबर कई बार लिखा जाता हैण जब खबर लिखा जाता है तब उसके एक दो दिन के बाद किसी ट्रक व पिकअप वाहन पर कार्रवाई कर जप्त कर दिखावे का कार्य पुलिस के द्वारा किया जाता रहता हैण सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र से ओमनीए ऑटोए पिकअपए अथवा ट्रक से अवैध कोयला का तस्करी धड़ले से किया जाता है खलारी थाना में पदस्थापित एसआई सुमित कुमार के द्वारा रात्रि गस्ती में अवैध कोयला लदा पिकअप वैन जेएच 02जेड 9903 ओवरब्रिज झील होटल के पास पकड़ लिया गयाण बताया जाता है कि वरिय पदाधिकारी के गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुये झील होटल के पास चेकिंग लगा दिया गयाण वाहन चेकिंग के दौरान ओवरब्रिज के तरफ से बिजुपाडा की ओर जा रहा थाण इतने में एक पिकअप वाहन को देखा गयाण उससे पहले पिकअप चालक कुछ दूर वाहन को खड़ा कर छोड़ कर फरार हो गयाण जांच पड़ताल में पाया कि जुट की बारी में भर कर करीबन ढाई टन कोयला पाया गयाण अग्रिम कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त कर लिया गया।

# बुढ़मू में पाहन करेंगे फूलखोंसी रामनवमी का निकलेगा जुलूस

## शांति समिति की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** रामनवमी और सरहुल पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के लिए थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि सरहुल के अवसर पर शोभा यात्रा निकाली जाती और पहान घर घर जाकर फुलखोसी किया जाता है वही रामनवमी के अवसर पर मुरूपीरी, बुढ़मू, उमेडंडा और छापर में झंडा मिलन सह मेला का आयोजन किया जाता है। शांति समिति के सदस्यों ने प्रशासन से आग्रह किया कि पर्व के अवसर पर पेयजलए चिकित्सा की व्यवस्था की जाय। मेला में शामिल होने वाले मार्ग में पुलिस गस्ती दल की व्यवस्था की जाय और मेला स्थल पर पुलिस बल के साथ सीसीटीवी की व्यवस्था की जाय। प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि दोनों पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में विशेष तौर पर पुलिस बल की व्यवस्था की जायगी। सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन सजाद अहमद ने किया। मौके पर प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, रामजीत गंझू, इंस्पेक्टर संजीव कुमार, थाना प्रभारी कमलेश राय आदि मौजूद थे।

# पर्यटनकर्मियों को सांसद ने किया पुरस्कृत

## हुंडरू फॉल में डूबने से सात पर्यटकों की बचाई थी जान

### 25 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** 12 मार्च को हुंडरू फॉल में डूब रहे हजारीबाग मटवारी के एक ही परिवार के सात लोगों की जान बचाने वाले पर्यटनकर्मियों को सांसद संजय सेठ ने शनिवार को अपने कार्यालय में सम्मानित किया। इस दौरान सांसद ने सभी पर्यटक मित्रों को प्रशस्ति पत्र दिया। उन्होंने राज्यसभा के पूर्व सांसद महेश पोद्दार के द्वारा भेजे गए 25000 रुपए का चेक झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, सचिव बालेश्वर बेदिया, रंजन कुमार बेदिया, बुधराम बेदिया को पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया। सांसद पर्यटन कर्मियों से जानना चाहा कि किन परिस्थितियों में यह दुर्घटनाएं हो रही हैं। हम कैसे इन्हें रोक सकते हैं। पर्यटक मित्रों ने सांसद को ऐसे पर्यटक क्षेत्रों में होने वाली दुर्घटनाओं और उसके कारणों से अवगत कराया। पर्यटनकर्मियों ने रांची के पर्यटन स्थलों में सुविधाएं बढ़ाने की मांग की। सांसद ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। इसके लिए सांसद ने हर सार्थक पहल करने की बात कही। जान की परवाह किए बगैर पर्यटकों की जान बचाने वाले पर्यटनकर्मियों के साहस की सराहना करते हुए इसे अद्वितीय बताया। कहा कि ऐसे साहसी पर्यटक मित्रों को सम्मानित करते हुए मुझे गौरव अनुभव हो रहा है।

# मांडर में एसएसपी कप फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

## सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली गई पदयात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड के हेशमी स्टेडियम में शनिवार को एसएसपी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ झारखंड प्रदेश कोंग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधू तिर्की के द्वारा किया गया। इससे पूर्व सड़क सुरक्षा को लेकर बंधू तिर्की के अगुवाई में पद यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बीडीओ सुलेमान मुडरी, सीओ विजय हेमराज खलखो, पुलिस इंस्पेक्टर अवधेश कुमार ठाकुर, थाना प्रभारी विनय कुमार यादव, आईएचएम रांची के निदेशक डॉ भुपेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, सेराफिना मिज एसरिता तिग्गा, होसे उरांव, तुलसी उरांव, तबारक खान, समसुल अंसारी, एहसन अंसारी एवं मांडर प्रखंड के तमाम जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा का शुरूआत कंदरी मोड़ से हेसमी स्टेडियम तक किया गया । इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि आज जिस तरह से दो पहीया और चार पहिया वाहन का वृध्दि हुआ है ए जिससे सड़क दुर्घटना बड़े पैमाने से हो रही हैए इससे भारी जानमाल का छति हो रहा है । इसी बात को लेकर लोगो को जागरुक करने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम किए जा रहे हैं साथ ही मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करनाए चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करनाए गाड़ी चलाते समय नशा पान नहीं करनाए मोबाइल का प्रयोग नहीं करना इत्यादि चीजों को बताया।

### खिलाड़ियों को मिलेगा नौकरी का लाभ

एसएसपी कप फुटबॉल टूर्नामेंट के बारे कहा यह टूर्नामेंट कोई मामूली टूर्नामेंट नहीं है, यह टूर्नामेंट में जो भी प्रतिभागी भाग लेंगे उससे पुलिस की नौकरी या सैनिकों का बहाली में इसका सीधा लाभ होगा। इसलिए इस खेल को अच्छीतरह से खेले और अपने कैरियर को निखारने का प्रयास करें।

